तापमान

अधिकतम 36.5 डिग्री
न्यूनतम 21.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 13 सितंबर, 2025



12 हरियाणवी व पंजाबी डांस से छात्राओं ने मचाया धमाल





12 हिंदी हमारी आत्मा की भाषा, जो जड़ों से जोड़ती है




## खबर संक्षेप



### मोबाइल क्रेच सेंटर का निरीक्षण किया

**करनाल।** जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद की अध्यक्षता में निदेशालय टीम ने शुक्रवार को मोबाइल क्रेच सेंटर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम में मनमीत कौर, अंश और दिया शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान क्रेच कार्यकर्ता सीमा, सुपरवाइजर मनु, परियोजना अधिकारी डॉ. राजबाला मोर और जिला समन्वयक अंजू भी मौजूद रहे। टीम ने क्रेच केंद्र में बच्चों की देखभाल, माता-पिता की भागीदारी और शिक्षा-सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। परियोजना अधिकारी ने बताया कि इस क्रेच सेंटर में 32 बच्चे पंजीकृत हैं, जो पूरे हरियाणा में किसी भी केंद्र में सबसे अधिक है। दिलचस्प बात यह रही कि यहाँ बच्चों की देखभाल में अभिभावकों में पुरुषों की संख्या अधिक पाई गई।

### पलक ने तलवारबाजी में जीता कांस्य पदक



**करनाल।** फरीदाबाद में आयोजित प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता में पिंगली नर्सरी की खिलाड़ी पलक ने अंडर-14 वर्ग की तलवारबाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर गांव व जिले का मान बढ़ाया। गांव लौटने पर सरपंच ने पलक और अन्य खिलाड़ियों का फूलमालाओं से स्वागत किया तथा कोच पवन कुमार को सम्मानित किया। ग्रामीणों ने इस उपलब्धि को गांव के लिए गर्व का क्षण बताया। कोच पवन कुमार ने कहा कि पिंगली के खिलाड़ी मेहनती हैं और भविष्य में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी गांव और देश का नाम रोशन करेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

# नागरिक अस्पताल में गंदगी व अव्यवस्था देखकर लगाई अधिकारियों को फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने शुक्रवार को करीब 11 बजे कुरुक्षेत्र के लोकनायक जय प्रकाश नागरिक अस्पताल में औचक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मत्री के एलएनजेपी अस्पताल में पहुंचते ही अस्पताल प्रशासन और स्टाफ में हड़कंप मच गया।

▪ महिला शौचालय बंद मिलने पर कमांडो से दरवाजा तुड़वाया

अस्पताल में आते ही स्वास्थ्य मंत्री ने शौचालयों की चेकिंग की, इस दौरान अस्पताल की लैब के समीप बना महिला शौचालय बंद मिला। उन्होंने तुरंत चाबी मंगवाई, जब चाबी नहीं मिली तो उन्होंने कमांडो को दरवाजा तोड़ने का आदेश दे दिया। कमांडो ने दरवाजा तोड़ने की कोशिश की तो इससे दरवाजे पर लगा शीशा चटक गया। अस्पताल में जगह-जगह मलबे के ढेर लगे होने के कारण मरीजों खासकर बच्चों के वार्ड में हो रही परेशानी तथा शौचालयों की खस्ता हालत को लेकर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को फटकार लगाई और 10 दिन के अंदर अधूरा निर्माण कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। इसके साथ ही मलबा हटाने के लिए भी कहा। उन्होंने साफ कहा कि अस्पताल अंडर कंस्ट्रक्शन है और जगह की भारी कमी है। ऐसे हालात में अगर अव्यवस्था बनी रही तो यहां इन्फेक्शन और बीमारियां और तेजी से फैलेंगी। उन्होंने पीडब्यूडी अधिकारी से शौचालय का टूटा दरवाजा जल्द ठीक करवाने का आदेश भी दिया।

आरती राव ने अस्पताल के प्रथम तल पर बने प्रसुति विभाग के हर कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके अलावा फार्मेसी विभाग, पंजीकरण काउंटर पर जाकर मरीजों व उनके साथ आए तीमारदारों से बातचीत की। आरती राव ने प्रसुति विभाग के बाहर बैठे मरीजों से बातचीत की और अस्पताल की व्यवस्था के बारे में पूछा। आरती राव ने कहा कि क्या सही इलाज मिल रहा है। कोई प्रॉब्लम तो नहीं है। कहा कि यदि गलत है तो भी बताओ और सही इलाज मिल रहा है तो भी बताओ। इस पर एक महिला ने इलाज पर संतुष्टि जताई। इस पर मंत्री ने वेरी गुड कहा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री सिंह आरती राव ने कहा कि राजकीय अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी नहीं रहने दी जाएगी।





कुरुक्षेत्र। अस्पताल में इलाज के लिए आए लोगों से बातचीत करती स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव तथा पंजीकरण काउंटर पर खड़े लोगों से पूछी समसयाएं।

### जल्द भर्ती किए जाएंगे 500 डॉक्टर : आरती

इन अस्पतालों में सरकार की तरफ से जल्द ही 500 चिकित्सकों की भर्ती की जाएगी। इन चिकित्सकों की भर्ती के लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है और सरकार से अनुमति मिलने के बाद भर्ती प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा।

### शौचालयों को बेहतर करने के आदेश

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एलएनजेपी अस्पताल के नए भवन का निर्माण चल रहा है, इसलिए अधिकारियों को निर्माण कार्य अलग-अलग चरणों में पूरा करने के निर्देश दिए है ताकि सफाई व्यवस्था बनी रहने के साथ-साथ मरीजों को भी परेशानी का सामना ना करना पडे। इस अस्पताल की फामेर्सी का निरीक्षण किया और यहां पर मरीजों के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाईयां उपलब्ध थी। इस अस्पताल में स्वच्छता को लेकर काफी कमियां पाई गई है और अस्पताल को और बेहतर बनाने की जरूरत है। इस अस्पताल में स्वच्छता पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए है और सभी शौचालयों को बेहतर करने के आदेश दिए गए है। इस दौरान सीमएओ डॉ. सुखबीर सिंह और पीएमओ डॉ. साराह अग्रवाल भी मौजूद रहे।

### एक्सरे रूम के रिकॉर्ड को देखकर नाराजगी

स्वास्थ्य मंत्री ने एक्सरे रूम का भी निरीक्षण किया। वहां मौजूद ऑपरेटर से रात के समय एक्सरे और सीटी स्कैन के बारे में पूछा। मंत्री ने कहा कि अगर रात को इमरजेंसी में लोगों को एक्सरे की सुविधा नहीं मिलेगी तो वो प्राइवेट में जाएंगे। इस पर ऑपरेटर ने जवाब दिया कि 1 मिनट में सर्विस देते हैं, लेकिन रिकॉर्ड को देखकर मंत्री आरती राव ने नाराजगी दिखाई और वे रूम से निकल गईं।

### ब्लड बैंक का किया निरीक्षण

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने अस्पताल परिसर में बने ब्लड बैंक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ब्लड बैंक कर्मियों से प्लेटलेट्स बनाने के बारे में पूछा। इस पर कर्मी ने ब्लड मशीन और प्लेटलेट्स के बारे में बताया। ब्लड बैंक का कार्य देखकर स्वास्थ्य मंत्री ने खुशी जताई। इस मौके पर सीएमओ डा. सुखबीर सिंह, पीएमओ डा. सारा अग्रवाल, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश सभ्रवाल, एक्सईएन ऋषि सचदेवा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# भूमि कटाव रोकने के लिए यमुना नदी के तटबंधों को करें अधिक मजबूतः सोमनना

▪ केंद्रीय रेल और जल शक्ति राज्य मंत्री वी.सोमन्ना ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

केंद्रीय रेल और जल शक्ति राज्य मंत्री वी.सोमन्ना ने शुक्रवार शाम यमुनानगर के बाढ़ प्रभावित गांव लापरा, टापू कमाल पुर व उन्हेडी में पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और यमुना नदी के तट के नजदीक हुए भूमि कटाव का दौरा किया।

उन्होंने प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यमुना नदी के तटबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करे ताकि भूमि कटाव को रोका जा सकें। उन्होंने ग्रामीणों एवं किसानों को आवश्वासन दिया कि अधिक वर्षा होने के कारण ग्रामीणों एवं किसानों का नुकसान हुआ है, उन्हें सरकार की ओर से विशेष मदद दी जाएगी। केन्द्र व राज्य सरकार लोगों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भारी बारिश से प्रभावित परिवारों को समय पर राहत पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



यमुनानगर। बाढ़ प्रभावित गांव का दौरा करते हुए केंद्रीय मंत्री वी. सोमनना।

केरल तक ले जाकर किया रेप

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दोषी युवक को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में पीयूष शर्मा की स्पेशल पोक्सो फास्ट ट्रैक कोर्ट ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी जावेद मूल निवासीपश्चिम बंगाल निवासी को दोषी करार देते हुए 20 साल की कठोर कारावास की सजा दी और 75 हजार रुपए जुर्माना किया।

वहीं, जज शर्मा की कोर्ट ने डीएलएसए के माध्यम से पीड़िता को आठ लाख रुपये मुआवजा दिलाने के आदेश भी दिए है। स्मरणीय है कि चार जनवरी 2022 को थाना हुडा सेक्टर 29 पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किए जाने के आरोप में जावेद पर केस दर्ज किया था। जांच पूरी होने पर 2 जून 2022 को अदालत में चालान पेश किया गया। आरोपी तब से न्यायिक हिरासत में था।इधर, थाना हुडा सेक्टर 29 पुलिस द्वारा आरोपी जावेद के खिलाफ पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों की गवाही के आधार पर पीयूष शर्मा की स्पेशल पोक्सो फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषी जावेद को सजा दी है। अब स्पेशल कोर्ट (पोक्सो फास्ट ट्रैक) के जज पीयूष शर्मा ने फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने सबूतों से आरोप सिद्ध कर दिए। दोषी जाबिद को पॉक्सो एक्ट की धारा 6 में 20 साल की कड़ी कैद और 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। जुर्माना न देने पर 2 साल की अतिरिक्त कैद होगी। अगवा करने की धारा (363) में 3 साल कैद और 15 हजार जुर्माना, धारा 366 में 5 साल कैद और 20 हजार जुर्माना, धारा 506 में 3 साल कैद और 15 हजार जुर्माना सुनाया गया। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

कोर्ट ने जुर्माने की राशि 75 हजार रुपए पीड़िता को दिलाने का आदेश दिया। साथ ही डीएलएसए के माध्यम से 8 लाख रुपए मुआवजा भी तय किया।

### दस दिन बाद घर लौटी पीड़िता

*शिकायत में लिखा गया कि 13 जनवरी की रात करीब 10 बजे लड़की अचानक घर लौटी। उसने परिवार को बताया कि 4 जनवरी को जब वह सब्जी लेने गई थी तो वहां उसे जावेद (पश्चिम बंगाल निवासी) मिला। उसने उसे बहकाया और कोल्ड ड्रिंक पिलाई, जिसमें नशीला पदार्थ मिला हुआ था। पीने के बाद वह बेहोश हो गई। जब होश आया तो उसने खुद को ट्रेन में पाया। पीड़िता ने बताया कि जावेद उसे ट्रेन से केरल ले गया। वहां अपने दोस्त फराज के कमरे में रखा। आरोपी ने उसे जबरन नशीले पदार्थ दिए और लगातार उसकी मर्जी के खिलाफ रेप करता रहा। करीब दस दिन बाद आरोपी उसे अर्ध- बेहोशी की हालत में फ्लोरा चौक पर छोड़ गया। जाते समय धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो परिवार को जान से मार देगा।*

# पुलिस टीम पर हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

▪ पकड़े गए आरोपी मुख्य आरोपी रिंकू के रिश्तेदार बताए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी शहर की दुर्गा कॉलोनी में नारकोटिक्स सेल की टीम पर हुए हमले के मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई सामने आई है।

तरावड़ी थाना पुलिस ने गुरुवार को दो आरोपियों रणधीर और मुकेश को तरावड़ी से ही गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी मुख्य आरोपी रिंकू के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। वहीं, रिंकू अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिसकी धरपकड़ के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। तरावड़ी थाना पुलिस की टीमें लगातार अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही हैं। बता दें कि बुधवार देर रात तरावड़ी की दुर्गा कॉलोनी में एनडीपीएस केस में दबिश देने पहुंची नारकोटिक्स सेल की टीम पर आरोपियों के परिवार ने गंडासी और लाठियों से हमला कर दिया था। हमले में एसआई रोहतास गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज करनाल के एक अस्पताल में चल रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में जल्द ही मुख्य आरोपी रिंकू समेत अन्य सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पूरे मामले की गहनता से जांच जारी है।



तरावड़ी। थाना पुलिस की पकड़ में आरोपी रणधीर और मुकेश।

### खेल प्रतियोगिता में कैथल की टीम ने जीता गोल्ड

**कैथल।** जिला सहायक शिक्षा अधिकारी रमेश चहल ने बताया कि राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में अंडर 17 वर्ग में कैथल की लड़कों की टीम ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का आठ सितंबर से 10 सितंबर तक पानीपत में आयोजित हुई। इसको लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गांव बलवंती के सरपंच मंजीत कुमार, राजकीय वमवि बलवंती के प्रिंसिपल मामचंद, बलवंती स्कूल के डीपीई राजेश कुमार सहित सभी खिलाड़ी पहुंचे।

# साइबर सेल ने 5 लाख 63 हजार 33 गुमशुदा मोबाइल फोन रिकवर किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के निर्देशानुसार पुलिस द्वारा गुमशुदा मोबाईल फोन तलाशकर उनके मालिकों को लौटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इससे आम नागरिकों को आर्थिक क्षति से बचाया जा सके। इस अभियान के दौरान साइबर सैल की टीम ने जुलाई-अगस्त 2025 के लगभग 5 लाख 63 हजार 358 रूपये के गुमशुदा 33 मोबाइल फोन तलाशकर उनके मालिकों को लौटाकर उन्हें आर्थिक क्षति से बचाने का प्रशंसनीय कार्य किया है। पुलिस अधीक्षक ने साइबर सैल टीम की सराहना करते हुए भविष्य में भी आम नागरिकों को ऐसी आर्थिक क्षति से बचाने हेतू सच्ची निष्ठा व लगन से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

▪ नवीनतम तकनीक के साथ गुम हुए फोन का पता लगाना पुलिस की प्राथमिकता

नवीनतम तकनीक के साथ लापता फोन का पता लगाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। मोबाइल बरामद होने उपरांत पुलिस शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर उनके असल मालिकों को मोबाइल सौंप देती है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बाढ़ग्रस्त गांवों में लिया जायजा

# क्षेत्र को देखकर नहीं आती प्राकृतिक आपदाएं

▪ बाढ़ग्रस्त इलाके में दौरा करने के दौरान ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त इलाके के गांव कलेसर व बेलगढ़ में पहुंचकर नुक्सान का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उन्हें सरकार से उनके नुक्सान की भरपाई करवाए जाने का भरोसा दिलाया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि वह लगातार अपने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर रहे हैं। ताकि लोगों से मिलकर उनके हालात का जायजा लिया जा सके और जलभराव व वर्षा से हुए नुकसान की समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन किसानों के लिए भी राहत की घोषणा की है जिनकी फसलें बरसाती पानी के कारण खराब हो गई हैं। इसलिए उन किसानों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित हुए किसान भाई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपने नुकसान की जानकारी अपलोड करें। हरियाणा प्रदेश सरकार किसानों की मदद के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी मंत्रियों व विधायकों व पूर्व विधायकों को कहा कि वे अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर भारी बरसात के कारण हुए नुकसान का आकलन करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नेक नीयती की सोच रखने वाले हैं। संकट की घड़ी में मानव की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व बनता है कि ऐसे में बरसाती पानी से पीड़ितों की मदद करें। उन्होंने प्रशासन के सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया कि संकट की घड़ी में जलभराव वाले क्षेत्रों में लोगों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं।



यमुनानगर। बाढ़ प्रभावित गांव बेलगढ़ में दौरा करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

### क्लेम दिलाने के नाम पर बुजुर्ग से ठगे तीन लाख 17 हजार रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने बीमा पॉलिसी का क्लेम दिलाने के नाम पर पुराना हमीदा के 65 वर्षीय सुरेश कुमार से तीन लाख 17 हजार रुपये ठग लिए गए। फोन करने वाले युवक ने खुद को बीमा कंपनी का कर्मचारी बताया था।

सुरेश कुमार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जोडिया नाके के पास निजी कंपनी में सुपरवाइजर हैं। उसने अलग-अलग बीमा कंपनियों से पॉलिसियां ले रखी थी। जो लैप्स हो चुकी थी। एक फरवरी को उसके पास एक युवक ने फोन किया। उसने खुद को एनपीसीआई कंपनी का कर्मचारी बताया। साथ ही कहा कि जिस एजेंटों ने उसकी पॉलिसियां की थी। उनके कमिशन कोड की वजह से उन्हें पॉलिसियों का क्लेम वापस नहीं मिल पा रहा है। आरोपी युवक ने कहा कि अगर पॉलिसियों का क्लेम चाहिए तो अलग-अलग तीन फॉर्म भरे जाएंगे।

# दुकानदार के खाते से निकाले 12.78 लाख

▪ मोबाइल फोन पर दुकानदार को पानी का बिल भरने संबंधी फर्जी लिंक भेजकर की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने पानी का बिल भरने संबंधी मोबाइल पर फर्जी लिंक भेजकर दुकानदार के बैंक अकाउंट से 12.78 लाख रुपये निकाल लिए। दुकानदार ने जैसे ही लिंक पर क्लिक कर खुले ऑनलाइन पेज पर बैंक खाते की जानकारी भरी तो अकाउंट से पैसे निकलने का मैसेज आने लगा। उसने तुरंत बैंक में जाकर अपने अकाउंट बंद करवाए। उसने मामले की सूचना साइबर पोर्टल पर दी।

शहर के हुड्डा सेक्टर-15 निवासी दिनेश गुप्ता ने बताया कि उनकी शहर में दिनेश इंटर प्राइजेज इलेक्ट्रॉनिक रिटेल की दुकान है। एक सितंबर की शाम पत्नी के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति के नंबर से पानी का बिल भरने बारे में संदेश आया। पत्नी ने यह संदेश उनके मोबाइल पर भेज दिया। जिस मोबाइल नंबर से पत्नी को यह संदेश आया था तो उसने उस पर कॉल किया। इस नंबर पर जिस व्यक्ति से बात हुई। उसने अपना नाम राहुल बताया। साथ ही व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजकर ऑनलाइन पानी का बिल भरने के लिए कहा। जब उसने लिंक पर क्लिक किया तो एक फाइल खुली। उसने फाइल को डाउनलोड कर बिल पे करने के लिए जैसे ही बैंक खाते की जानकारी डाली, बैंक खातों से रुपये कटना शुरू हो गए। उसके दोनों अकाउंट से 12.78 लाख रुपये कट गए। उसने तुरंत बैंक में जाकर अपने अकाउंट बंद करवाए और शिकायत साइबर पोर्टल पर की।

## खबर संक्षेप

### लॉटरी निकलने का लालच देकर ठगे 1.02 लाख रुपये

**यमुनानगर।** जन स्वास्थ्य एवं जलापूर्ति अभियांत्रिकी विभाग के ट्यूबवेल ऑपरेटर से 12 लाख रुपये की लॉटरी निकलने का लालच देकर 1.02 लाख रुपये ठग लिए गए। उसने इसकी शिकायत साइबर क्राइम थाना पुलिस में दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला जींद के गांव सुरबुरा निवासी सतपाल ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत दी है।

### ताला तोड़कर चुराए 12 नए-50 पुराने मोबाइल

**यमुनानगर।** चोरों ने शहर के पुराना हमीदा स्थित खानचंद चौक पर दुकान का ताल तोड़कर 12 नए व 50 पुराने मोबाइल और तीन इयरफोन चोरी कर लिए गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दुकानदार जितेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पुराना हमीदा के समीप खानचंद चौक पर कम्युनिकेशन के नाम से दुकान है। वह दुकान पर पुराने व नए मोबाइल बेचने का काम करता है।

### युवक से 20 ग्राम हेरोइन बरामद की

**यमुनानगर।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने नाका हथिनीकुंड बैराज के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रताप नगर थाना में तैनात एएसआई नवतेज सिंह ने बताया कि वह टीम के साथ हथिनीकुंड बैराज के पास नाका वाहनों की जांच कर रहे थे। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि एक युवक उत्तर प्रदेश से नशीला पदार्थ लेकर आएगा। कुछ देर बाद उन्हें युवक बाइक पर आता दिखाई दिया।

*मेले में सभी धर्मों के लोग पहुंचकर दिखा रहे अपनी आस्था*

# हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई धर्म की एकता का प्रतीक है प्राचीन गोगा माड़ी रादौर का मेला

## सातवें दिन भी हजारों श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

प्राचीन एवं ऐतिहासिक गोगा माड़ी रादौर में चल रहे आठ दिवसीय मेले के सातवें दिन गोगा माड़ी पर हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर निशान(छड़ी) चढ़ाकर पूजा अर्चना की। वहीं, शाम को दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय व दूर दराज के पहलवानों ने पहुंचकर कुश्ती में अपनी ताकत के जौहर दिए। खास बात यह रही कि मेले में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी पहुंचकर माथा टेका और पूजा अर्चना कर प्रदेश व इलाके की सुख शांति की कामना की।

शुक्रवार को सुबह होते ही मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी थी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सबसे पहले गोगा माड़ी पर लाइनों में लग कर पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। इसके बाद श्रद्धालुओं ने मेले में सजी आकर्षक दुकानों पर पहुंचकर सामान और बच्चों के लिए खिलौने आदि खरीदे। मौके पर गोगा माड़ी के पुजारी अनिल कश्यप व बाबू राम कश्यप ने बताया कि रादौर की प्राचीन गोगा माड़ी पर करीब 400 साल से मेला आयोजित होता आ रहा है। यह मेला मुगल काल से आयोजित होता आ रहा है। रादौर की प्राचीन गोगा माड़ी मेला की खासियत यह है कि यह मेला हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई धर्म की एकता का प्रतीक है। सैकड़ों वर्षों से सभी धर्मों के लोग जाहरवीर गोगामाडी के मेले में पहुंचकर माथा टेकते आ रहे हैं। ऐसा मानना है कि रादौर का मेला मुगलों के काल से आयोजित हो रहा है। मुगलों ने शहर के मेले को बंद करवाने की कोशिश की थी। लेकिन जनता के विरोध के बाद मुगलो को अपने आदेश वापिस लेने पड़े थे। उसके बाद अंग्रेजों ने रादौर मेले में क्रांतिकारियों के जुटने की सूचनाएं मिलने के बाद रादौर के मेले पर प्रतिबंध लगा दिया था। जिसके बाद कई वर्ष तक रादौर का मेला बंद रहा। बाद में लोगों ने मेले को आयोजित करने को लेकर अपनी मांग उठाई तो अंग्रेजों को मेला आयोजित करने की अनुमति देनी पड़ी।





यमुनानगर। रादौर स्थित गोगा माड़ी पर चल रहे मेले में आयोजित दंगल में कुश्ती में जौहर दिखाते हुए पहलवान व गोगा माड़ी पर माथा टेकते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

### मेले में आयोजित दंगल में दिखाए पहलवानों के जौहर

*रादौर स्थित प्राचीन गोगा माड़ी पर चल रहे मेले में शाम के वक्त दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय व दूर दराज के पहलवानों ने पहुंचकर कुश्ती में जौहर दिखाए। इस दौरान पहलवान मुल्लू सारसा ने सुमित शाहबाद को हराया। वहीं, सुशील सरसावा ने राहुल असंध को हराया। जग्गा यमुनानगर ने प्रदीप अंबाला को हराया। अंकुश अमीन व गोगी मखाला के बीच जंडी वाली कुश्ती आयोजित की गई। जिसमें अंकुश अमीन ने बाजी मारी। सुरजीत अमीन ने कुलदीप सालवन को हराया। अखिल अंबाला ने अंकित कैथल को हराया। हर्ष हिमाचल ने विवेक अंबाला को हराया।*

# जागरुकता के अभाव में फैल रहा एड्सः कुमार

## ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रादौर में अवेयरनेस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रादौर में शुक्रवार को हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी यमुनानगर के तत्वावधान में यूथ-डे 2025 के अंतर्गत लोकल यूथ एक्शंस फार द एसडीजीएस बियोंड विषय पर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में आईसीटीसी काउंसलर राज कुमार व मुकेश ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता एवं आईसीटीसी काउंसलर राज कुमार विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स एवं नशे की रोकथाम और नशामुक्त जीवन के लाभों के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्वों से जोड़ने का प्रयास किया। काउंसलर राजकुमार ने कहा कि एड्स की बीमारी एचआईवी वायरस के कारण होती है। यह वायरस हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को धीरे धीरे नष्ट कर देता है। जिससे छोटी सी बीमारी भी खतरनाक साबित हो सकती है। एचआईवी केवल सही जानकारी और सतर्कता की कमी के कारण फैलता है। यह मुख्य रूप से असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई या ब्लड ट्रांसफ्यूजन और मां से बच्चे में गर्भावस्था या स्तनपान के दौरान फैल सकता है।



यमुनानगर। ग्लोबल रिसर्च इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित अवेयरनेस कार्यक्रम में भाग लेते स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

### समाज के लिए सकारात्मक योगदान देना चाहिए

संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एचआईवी एड्स एवं नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना तथा उन्हें समाज सुधार और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना रहा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इस तरह की अस्वास्थ्यकर आदतों से दूर रहते हुए समाज के लिए सकारात्मक योगदान देना चाहिए।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ देने के लिए गांवों में लगाए जाएंगे शिविरः गुप्ता

## उपायुक्त ने कार्यालय में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर जिला उपायुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिला के 270 लाभार्थियों को अनुदान के रूप में हरियाणा सरकार द्वारा 1 करोड़ 35 लाख रुपये के चैक वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि देशभर में चल रहे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से देशवासियों को स्वच्छ व सस्ती ऊर्जा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसके अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिससे उन्हें मुफ्त बिजली प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि इस स्कीम के तहत प्रति किलोवाट रूफटॉप सोलर लगवाने पर 30 हजार रुपये सब्सिडी प्रदान की जाती है। 2 किलो वाट के लिए 60 हजार रुपये और 3 किलो वाट या अधिक वाट के सोलर पैनल लगवाने पर 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी उपलब्ध है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस स्कीम को और बढ़ावा देते हुए केन्द्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी देने का फैसला लिया है।



यमुनानगर। उपायुक्त कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

# खून से लथपथ हालत में मिला बुजुर्ग का शव

## मृतक के परिजनों ने जताई हत्या किए जाने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के जठलाना मार्ग पर घेसपुर चुंगी के नजदीक खाली पड़े प्लाट में अपनी भेड़ों की रखवाली कर रहे एक व्यक्ति का शव शुक्रवार सुबह खून से लथपथ हालत में मिला। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने व्यक्ति की हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के मुताबिक मृतक ओम प्रकाश(65) के बेटे प्रदीप पाल ने पुलिस को बताया कि वह गांव जुब्बल के रहने वाले हैं। मगर पिछले चार पांच साल से वह परिवार समेत घेसपुर चुंगी कालोनी में रहते हैं। वह भेड पालन का कार्य करते हैं। उसने बताया कि करीब पंद्रह दिन से पहले बरसात के कारण उनका भेड़ों को रखने का बाड़ा खराब हो गया था। जिसकी वजह से वह अपनी भेड़ों को रात के समय जठलाना मार्ग पर खाली पड़े प्लाट में रख रहे हैं। भेड़ो की रखवाली के लिए कभी उसका पिता ओमप्रकाश तो कभी वह खुद खाली प्लाट में सो जाते हैं। बीती रात उसका पिता ओमप्रकाश खाली पड़े प्लाट में भेड़ो की रखवाली कर रहा था।



यमुनानगर। रादौर में खाली पड़े प्लाट में खून से लथपथ हालत में मिलते ओमप्रकाश के शव के मामले में कार्रवाई करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### मामला दर्ज

सूचना मिलते ही रादौर थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर राजपाल, सीआईए वन पुलिस की टीम, सीन आफ क्राइम व डाग स्कवायड की टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने देर शाम तक मामले में जांच में जुटी थी। मामले की जांच कर रही पुलिस का कहना है कि मामले में मृतक के परिजनो के ब्यान दर्ज कर लिए गए हैं। मृतक के परिजनों के ब्यान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

*नगर निगम आयुक्त ने ली बैठक*

# सड़कों और गलियों से सीएंडडी वेस्ट साफ करने को चलाया जाएगा अभियानः प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम प्रशासन द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर क्लस्टर वाइज स्पेशल ड्राइव चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत शहर के बाजारों में डस्टबिन रखें जाएंगे। ताकि लोग इधर उधर कचरा न फेंके। साइकिल रैली व स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस संबंध में निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने अपने कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश दिए।

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत निगम के सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए सफाई अधिकारी पूरी तैयारी करें। साइकिल रैली निकाली जाएगी। जिसमें उपायुक्त व अन्य अधिकारी भाग लेंगे। यह रैली जिला सचिवालय से शुरू होगी। इसके बाद पंचायत भवन से होती हुई कन्हैया साहिब चौक, मधु चौक से सिविल अस्पताल, जिमखाना क्लब रोड से होकर वापस लघु सचिवालय में संपन्न होगी। इस दौरान दो स्थानों पर पौधारोपण किया जाएगा। कचरा प्वाइंटों का भी निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत सफाई कर्मियों को पीपी किट वितरित की जाएगी। उनके स्वास्थ्य की जांच के लिए विशेष जांच शिविर लगाए जाएंगे। इस अभियान में धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं को भी शामिल किया जाएगा। स्कूलों में स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम होंगे। जीरो वेस्ट वार्ड, जीरो वेस्ट कार्यालय बनाने का कार्य किया जाएगा। जो वार्ड व कार्यालय जीरो वेस्ट होगा। उसे राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।



यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में सेवा पखवाड़ा को लेकर दिशा निर्देश देते

### ये रहे मौजूद

*बैठक में विशेष अधिकारी सफाई अनिल कुमार यादव, उप निगम आयुक्त कुलदीप मलिक, मुख्य सफाई निरीक्षक अनिल नैन, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल व एसडीओ राकेश जून आदि मौजूद रहे।*

*गुरु नानक खालसा कॉलेज में अतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम*

# साक्षरता शैक्षणिक आवश्यकता के साथ सामाजिक जिम्मेदारी

## कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने कहा कि कार्यक्रम आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य साक्षरता के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। ताकि व्यक्ति सशक्त बन सकें और समावेशी एवं सतत समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि साक्षरता केवल शैक्षणिक आवश्यकता ही नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है।

जो व्यक्तियों को समाज में सार्थक योगदान देने के लिए सशक्त बनाती है। मौके पर कॉलेज के विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. बलजीत सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से हम ज्ञान और जागरूकता के बीच की खाई को पाटने का प्रयास कर रहे हैं। ताकि व्यक्ति साक्षरता की परिवर्तनकारी शक्ति को समझ सकें। वहीं, डॉ. हेमंत मिश्रा ने कहा कि साक्षरता एक न्यायसंगत और समान समाज की ओर पहला कदम है। यह व्यक्ति को सूझबूझ भरे निर्णय लेने की क्षमता देती है और उन्हें अज्ञानता का शिकार होने से बचाती है।



यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में साक्षरता के महत्व को बताते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए इस तरह के प्रयास सराहनीयः सरदार रणदीप सिंह

*कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने कहा कि शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए इस तरह के प्रयास सराहनीय हैं। डॉ. पायल लांबा ने कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यातिथि समेत सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. इकबाल सिंह, डॉ. ज्ञान भूषण, डॉ. विनय चंदेल, रोबिन व नेहा आदि मौजूद रहे।*

# आत्महत्या के मामले में पति व ननद के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव बिजोली में नर्स मनजीत कौर द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतका के पति व ननद के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला मृतका की मां की शिकायत पर दर्ज किया है। गौरतलब है कि वीरवर को गांव बिजौली में 25 वर्षीय मनजीत कौर ने ससुराल में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव भंभोली निवासी संतोष ने बताया कि उसने अपनी बेटी मनजीत कौर की शादी पांच माह पहले गांव बिजोली निवासी रजत कुमार के साथ की थी। रजत प्राइवेट बैंक में नौकरी करता है। उसकी बेटी प्राइवेट अस्पताल के नर्स की नौकरी करती थी। महिला ने बताया कि उसके ससुराल पक्ष के लोग उसे शादी के बाद से परेशान कर रहे थे। उसने बताया कि उसकी बेटी अभी जीएनएम का कोर्स कर रही थी। कॉलेज की फीस भरनी अभी बाकी थी। ससुराल पक्ष के लोग उस पर मायके से फीस के पैसे लेकर आने का दबाव बना रहे थे। जिस कारण उसकी लड़की परेशान चल रही थी। उसने बताया कि बुधवार को उसके पास मनजीत की सास का फोन आया। उसने हाल चाल पूछ कर फोन दोबारा करने की बात कहकर कॉल कट कर दी। रात को उसके बेट के मोबाइल पर ससुराल से फोन आया कि मनजीत की तबीयत खराब है। वह जगाधरी के सिविल अस्पताल में दाखिल है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे। मगर वहां पर उसकी बेटी मृत पड़ी थी। उसने आरोप लगाया कि रजत व उसकी बहन प्रियंका ने उसकी बेटी मनजीत को दहेज के लिए हत्या की है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**खबर संक्षेप**



### संस्कृति स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के स्वस्थवृत्त विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के उपलक्ष्य में शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक संस्कृति स्कूल, सेक्टर-2 में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभाग की चेयरपर्सन प्रोफेसर डॉ. सीमा रानी और डॉ. सुरेंद्र सहरावत ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। उनके साथ पीजी स्कॉलर्स डॉ. नितेश और डॉ. वंदना ने भी भाग लिया। शिविर का मुख्य विषय स्वच्छता और पोषण रहा, जिसमें संतुलित आहार और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### गीता निकेतन विद्या मंदिर में लगाया शिविर

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर 3 विद्यालय में ओरल हेल्थ के विषय में कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में डॉ माधविका खुराना ने विद्यार्थियों के मौखिक स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें स्वस्थ दांतों के महत्व के बारे में जागरूक किया। डॉ माधविका खुराना ने सभी विद्यालय शिक्षकों को भी बताया कि स्वस्थ दांतों के लिए नियमित रूप से ब्रश करना, दांतों की जांच करवाना और सही खान-पान का पालन करना आवश्यक है।

### युवाओं को सिखाए जीवन निर्माण के गुर

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र द्वारा विगत कई वर्षों से हरियाणा भर में युवाओं के जीवन निर्माण, भारतीय जीवन मूल्यों और वैदिक ज्ञान के प्रचार-प्रसार का पुनीत कार्य महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी के ओजस्वी मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी के तहत रायसन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय योग एवं जीवन निर्माण शिविर लगाया गया जिसका शुक्रवार को भव्य समापन हुआ।

### सरकार जरूरतमंदों के सपनों को करेगी साकार

**लाडवा।** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डा.गणेश दत्त ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार बिना पर्ची बिना खर्ची के युवाओं को मेरिट पर रोजगार देने का काम कर रही है। यही कारण है कि आज ग्रामीण क्षेत्र के गरीब से गरीब परिवार को बच्चा भी बड़ी-बड़ी नौकरी पर लग रहा है। उन्होंने कहा कि नायब सरकार किसान, मजदूर, गरीब व जरूरतमंदों के सपनों को साकार करने में निरंतर कार्य कर रही है।

### तहसील में पेपरलेस होंगे रजिस्ट्री कार्यः मीणा

**लाडवा।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की परिकल्पना तहसील कार्यालयों में रजिस्ट्री कार्य पेपरलेस करना है, जिसको लेकर जिला की तहसीलों में तैयारियों को शुरू कर दिया है। इस कार्य की अधिकारियों कर्मचारियों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे पेपर वर्क कम होगा और साथ में काम भी आसान होगा।

## क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से किसानों को दिया जाएगा मुआवजा : सांसद नवीन जिंदल

# मुख्यमंत्री जलभराव से हुए नुकसान को लेकर गंभीर

### सांसद नवीन जिंदल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर सुनीं किसानों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते सांसद नवीन जिंदल।

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों के साथ खड़ी है। मारकंडा का जलस्तर बढ़ने से किसानों की फसलों का जो नुकसान हुआ है, उसके लिए ई-क्षति पूर्ति पोर्टल खोला गया है। किसान अपनी खराब हुई फसल का 15 सितंबर तक पंजीकरण करवाएं, ताकि जल्द से जल्द मुआवजा दिया जा सके। केंद्र व राज्य सरकार बाढ़ से प्रभावित हुए क्षेत्रों की पूरी निगरानी कर रही है और हर संभव मदद कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इस संदर्भ में पूरी तरह से गंभीर है। प्रत्येक नुकसान का मुआवजा दिया जाएगा। इसको लेकर अलग अलग कटेगरी बनाई गई है। सांसद नवीन जिंदल शुक्रवार को गांव जलबेहड़ा, नैसी व ठसका मीरा जी क्षेत्र में मारकंडा में आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर रहे थे। उन्होंने जलबेहड़ा हैड पर किसानों और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के बैठक करके भविष्य के लिए मारकंडा नदी में जलभराव से होने वाले नुकसान को रोकने पर भी मंथन किया। एक्सईएन मनीष बब्बर व जेई नवीन ने मैप के माध्यम से सांसद को पूरे क्षेत्र का मारकंडा का विवरण दिया।

किसानों से बातचीत करने के बाद सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि मारकंडा के तटबंधों को मजबूत किया जाएगा। साथ ही जहां इसकी चौड़ाई कम है। वहां शीट पाइल रिटेनिंग वॉल लगाने की योजना भी अधिकारी तैयार करें ताकि मिट्टी के कटाव को रोका जा सके। उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। किसानों ने बताया कि कई हजार हजार एकड़ फसल में जलभराव हुआ था। जिससे फसलें अब पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी हैं। सांसद ने अधिकारियों से कहा कि किसानों के साथ बैठक करके समस्या का स्थाई समाधान करने का अध्ययन करें और मास्टर प्लान तैयार करें, ताकि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति इस क्षेत्र में उत्पन्न ना हो।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी, महंत जगन्नाथ पुरी, गुरिंदरजीत सिंह नत, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष गीता शर्मा, युवा नेता विकास गर्ग, राजेश शर्मा जलबेहड़ा, परमजीत चीमा नैसी, कर्ण चीमा, सिकंदर बाखली, सुशील बंसल, जगत सिंह चंडीगढ़, सुरेश डीबीपुर, सतीश मढ़ाड़ी सरपंच आदि लोग मौजूद रहे।

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश व प्रदेश को विकसित राष्ट्र और विकसित राज्य बनाने की दिशा में बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। हर वर्ग के कल्याण हेतु नित नई-नई योजनाओं को क्रियान्वयन कर रहे हैं। बाढ़ जैसी आपातकालीन स्थिति के बाद पैदा हुए हालात से निपटने के लिए भी हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। बारिश के बाद सड़कों का निर्माण शुरू करवाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इस संदर्भ में पूरी तरह से गंभीर है, प्रदेश की हर सडकें चकाचक होंगी। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। खेलों में भाग लेने से युवाओं का ध्यान नशे की तरफ नहीं जाएगा और हम भारत के मजबूत नागरिक होंगे। जिम का सामान दिया गया है। स्टेडियमों की सुविधाओं में सुधार लाया जा रहा है।

## राष्ट्र व समाज के साथ मानवता की सेवा करने का संदेश देने वाला रहा संत बाबा मान सिंह का जीवन : नवीन जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिहोवा

गुरुद्वारा सचखंड ईशर दरबार जुरासी में संत बाबा ईशर सिंह की 50वीं बरसी पर तीन दिवसीय सालाना धार्मिक समागम आज से शुरू हुआ। कार्यक्रम में सांसद नवीन जिंदल ने हिस्सा लेकर माथा टेका। उन्होंने कहा कि संत बाबा मान सिंह के जीवन से उन्हें बेहद प्रेरणा मिली। संत बाबा मान सिंह जो राह दिखा कर गए। वे उसका अनुसरण करके वहां के लोगों की सेवा करना चाहते हैं। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि जब भी देश में कोई प्राकृतिक आपदा आई। संत बाबा मान सिंह ने हमेशा कार सेवा के जरिए लंगर लगाकर पीड़ितों की मदद की। क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा के लिए अकेडमी की स्थापना, लड़कियों के लिए नर्सिंग कॉलेज, चैरिटेबल अस्पताल स्कूल आदि उनकी इस क्षेत्र को देन हैं। उन्होंने कहा कि बाबा मान सिंह देश और समाज के प्रति प्रोग्रेसिव सोच के संत थे। बाबा मणि सिंह ने कहा कि ब्रहमलीन संत बाबा मान सिंह का जिंदल परिवार से बेहद लगाव रहा है। इस मौके पर उनके साथ भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी, जगत सिंह चंडीगढ़ फॉर्म, गुरिंदरजीत सिंह नत,भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष गीता शर्मा, मन की बात प्रमुख हन्नु चक्रपाणि, बाबा मणि सिंह, राव वीरेंद्र सरपंच, विकास गर्ग,दीपक अत्री, सुशील बंसल, साधु सैनी, सिकंदर बाखली आदि मौजूद रहे।



## जीवन की दैनिक क्रियाओं में शामिल है विज्ञानः नवीन जिंदल



**पिहोवा।** विज्ञान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन इंडिया एसपीएसटीआई पंचकूला द्वारा संचालित मोबाइल साइंस लैब विज्ञान का जंतर मंतर शुक्रवार को गांव टीकरी में पहुंची। यहां बतौर मुख्यातिथि सांसद नवीन जिंदल ने मोबाइल वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि विज्ञान बेहद महत्वपूर्ण और रोचक विषय है। इसका संबंध केवल विद्यार्थी जीवन से ही नहीं, बल्कि एक साधारण व्यक्ति भी अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन विज्ञान की तकनीक का प्रयोग करता है। किसान जो खेती के उपकरण प्रयोग करते हैं। वह कृषि विज्ञान की श्रेणी में ही आता है। चिकित्सक जिन दवाइयां और तकनीकों का प्रयोग करते हैं। वो भी मेडिकल साइंस है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को विज्ञान से जुड़ाव रखना चाहिए। संचालकों ने बताया कि वैन वर्ष 2016 से लगातार विद्यार्थियों को विज्ञान की प्रयोगात्मक शिक्षा दे रही है। जनवरी 2025 से यह वैन नवीन जिंदल फाउंडेशन के सहयोग से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में चलाई जा रही है। वैन के जरिए स्कूलों में बच्चों को न्यूटन के गति के नियमों का प्रयोग, विद्युत चुंबकीय प्रेरण, अम्ल क्षार अभिक्रिया, प्रकाश का परावर्तन एवं अपवर्तन, मानव अंगों के कार्यों का प्रदर्शन आदि की जानकारी दी जाती है। इन प्रयोगों का संचालन संस्था के प्रबंधक महिपाल शर्मा द्वारा किया गया। साथ ही अमन कुमार सहायक प्रबंधक, गुलशन कुमार परियोजना सहायक की भी विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी, गुरिंदरजीत सिंह नत, भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष गीता शर्मा,मुख्य अध्यापक संजय काजल, राजस्व विभाग से राजकुमार, सरपंच तेजाराम, पूर्व सरपंच अमर गिर, पूर्व सरपंच रणजीत आदि मौजूद रहे।

## इंडोनेशिया के बाली में तीन दिवसीय छठा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव शुरू

- इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन सहित कई देशों के प्रतिनिधि और विद्वान हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



इंडोनेशिया के बाली संसद सभागार में तीन दिवसीय छठे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आगाज हुआ। इंडोनेशिया के बाली में शुक्रवार को श्रीमद्भगवद् गीता को विराजित किया गया।इसी के साथ गीता महिमा और भारत-इंडोनेशिया के प्राचीन सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए विचार मंथन हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बाली के वाइस चेयरमैन (डीपीआरडी)के वाइस गवर्नर नोवासेवी पुत्रा, मुख्य वक्ता गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज,मुख्यातिथि हरियाणा के पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा,विदेश मंत्रालय दक्षिण क्षेत्र की सचिव डा.नीना मल्होत्रा,बाली विधायक प्रोफेसर सोमवीर,बाली में भारत के सीजीआई शशांक विक्रम,बाली के विधायक बुद्धि उत्तमा, विधायक राकी, विधायक मेदू पार्ता मौजूद रहे। बाली में भारतीय दूतावास के अधिकारी लवलेश के अलावा, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और अन्य देशों से आए प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता का उपदेश किसी एक देश, एक भाषा, एक समुदाय, एक जाति या एक धर्म के लिए नहीं,बल्कि संपूर्ण मानव जगत के लिए उपयोगी है।

### 45 घंटे बाद मिला नहर में डूबे छात्र का शव

**कुरुक्षेत्र।** स्कूल से बंक कर नहर में नहाने गए 13 वर्षीय आर्यन का शव हादसे के करीब 45 घंटे बाद बरामद हुआ। बुधवार 10 सितंबर को हुए इस हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया था। शुक्रवार सुबह झांसा पुलिस व गोताखोरों की टीम को दबखेड़ी क्षेत्र से आर्यन का शव मिला। जानकारी के अनुसार, बुधवार को शाहाबाद के माजरी मोहल्ला निवासी राजवीर सिंह का 13 वर्षीय बेटा आर्यन अपने दोस्त तुषार पुत्र फूल चंद निवासी रेलवे रोड के साथ स्कूल से बंक कर झांसा पहुंचा था। दोनों एक निजी स्कूल के छात्र थे। वहां एसवाईएल नहर में नहाने के बाद आर्यन ने अपने दोस्त से कहा कि उसे मजा नहीं आ रहा और वह भाखड़ा नहर में नहाने जा रहा है।

## पंजाब में बाढ ग्रस्त क्षेत्र आनंदपुर साहिब और मोहाली में वितरित की राहत सामग्री

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं कुरुक्षेत्र पहुंचकर इस राहत सामग्री को पंजाब के लिए रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र से राहत सामग्री के 20 ट्रक पंजाब के आनंदपुर साहिब और मोहाली क्षेत्र में वितरित किए गए। यह राहत सामग्री पंजाब के बाढ ग्रस्त लोगों तक प्रदेश सरकार के माध्यम से पहुंचाई गई।

यह राहत सामग्री शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा प्रशासन के सहयोग से उपलब्ध करवाई गई थी। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं कुरुक्षेत्र पहुंचकर इस राहत सामग्री को पंजाब के लिए रवाना किया था। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने पंजाब के आनंदपुर साहिब व मोहाली में राहत सामग्री वितरित करने के समाजसेवियों से दूरभाष पर बातचीत कर पंजाब के हालात के बारे में पूछताछ की इतना ही नहीं पंजाब से फीडबैक मिली कि पंजाब के आम नागरिक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के द्वारा भेजी जा रही राहत सामग्री और अन्य मदद के लिए आभार व्यक्त किया है। पूर्व राज्यमंत्री ने शहर की तमाम समाजसेवी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन संस्थाओं के प्रयासों से ही 20 ट्रक राहत सामग्री एकत्रित हो पाई थी।

### एनआईटी कुरुक्षेत्र में थॉट लैब का कार्यक्रम, छात्रों को मिले 'सक्सेस सूत्र'

**कुरुक्षेत्र।** एनआईटी कुरुक्षेत्र की थॉट लैब द्वारा 'कॉलेज जीवन के लिए सक्सेस सूत्र' विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. प्रतिभा अग्रवाल ने किया। थॉट लैब के कोऑर्डिनेटर प्रो. दीक्षित गर्ग, संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि वक्ता आईआईटी रुड़की के गोल्ड मेडलिस्ट व युवा मेंटर मोहित कुमार रहे। उन्होंने छात्रों को सफलता के चार मूल मंत्र बताए— अनुशासित आदतें, समय प्रबंधन, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण और शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक व आध्यात्मिक विकास।




## किड्स प्लेनेट प्रेम स्कूल में छात्रों को दिया सीपीआर का प्रशिक्षण

**कुरुक्षेत्र।** किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी, कुरुक्षेत्र की ओर से सी.पी.आर. प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर संदीप कुमार लेक्चरर फर्स्ट एड और पपिंदर सिंह लेक्चरर फर्स्ट एड विशेष रूप से विद्यालय पधारे। उन्होंने विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थिति में जीवनरक्षक तकनीक सी.पी.आर. का महत्व समझाया और इसकी सही विधि का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया और अपने प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम में निदेशिका चेस्ठा सलूजा तथा विद्यालय प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या सुनीता रानी ने सभी विशिष्ट अतिथियों का सम्मान करते हुए उनके मूल्यवान मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

## कुरुक्षेत्र में बेखौफ हो रहे अपराधी नकेल कसनी जरूरीः अशोक अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। घटनास्थल पर पहुंचे विधायक अरोड़ा।

थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा है कि आज कुरुक्षेत्र में अपराधी बेखौफ हो रहे हैं। पिछले पांच दिनों के अंतराल में तीन बड़ी अपराधिक घटना घटित हुई है। पहले अनाज मंडी में गोली चली, गत दिवस डिवाईन सैंटर पर अमित अरोड़ा एडवोकेट पर हमला किया गया और आज आईलेट्स सैंटर पर गोलियों की बौछार अपराधी कर के भाग गए। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यहां कानून नाम की कोई चीज नही है। अपराधी बेखौफ घुम रहे हैं। वे चेतन्य आईलेट्स सैंटर पर गोलियां चलने के बाद सैंटर पर पहुंचे व संचालकों से बातचीत कर पूरी जानकारी ली। इस दौरान बढते अपराध के चलते अशोक अरोड़ा ने आईजी सीआईडी से फोन पर बात की व मामले को सुलझाने के लिए कहा। वहीं इससे पूर्व अशोक अरोड़ा ने कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक नीतिश अग्रवाल से मुलाकात की। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि पहले दूसरे प्रदेशों व जिलों के लोग कुरुक्षेत्र में आकर बसना पसंद करते थे क्योंकि यह पूरी तरह से शांत क्षेत्र था। लेकिन अब लगातार हो रही इस प्रकार की अपराधिक घटनाओं के बाद कुरुक्षेत्र के लोगों में भय पैदा हो गया है। विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि सत्ता के नशे में अपराधियों को शरण व शह दी जा रही है। वे लोग सोचते हैं कि इनका कुछ बिगड़ने वाला नही है।

## रक्तदान शिविर के लिए किया जागरूक




**शाहबाद।** सतलुज इंटरैक्ट क्लब, शाहाबाद मारकंडा के विद्यार्थियों ने सतलुज इंटरैक्ट एडवाइजर अरशदीप कौर के नेतृत्व में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित होने वाले 20 सितम्बर 2025 को होने वाले रक्तदान शिविर के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर बच्चों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया और उन्हें शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इंटरैक्ट क्लब के बच्चों ने अपने जोश और उत्साह के साथ घर-घर जाकर, पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से लोगों को संदेश दिया कि रक्तदान महादान है। विद्यार्थियों ने लोगों को समझाया कि रक्तदान करने से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है बल्कि रक्तदाता का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। जागरूकता अभियान के दौरान बच्चों से सुभाष कलसाना भी मिले। उन्होंने बच्चों की इस पहल की सराहना की और उन्हें समाजसेवा के ऐसे कार्यों के लिए निरंतर प्रयासरत रहने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर रोटरी प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने बताया कि रोटरी क्लब 20 सितमबर 2025 को सरदार चानन सिंह घुम्मन मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, नजदीक सतलुज सीनियर सेकन्डेरी स्कूल, किशनगढ़ रोड शाहबाद मारकंडा में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन करने जा रहा है जिसमे पी. जी. आई. चंडीगढ़ की टीम रक्त का संग्रह करेगी। इस अवसर पर मनिन्दर सिंह घुम्मन, इंटरैक्ट प्रधान मानसी, इंटरैक्ट सचिव हासिल, मौसिन खान, सीमा आदि मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को बुके भेंट करते इंसाफ मंच के जिला महासचिव रामेश्वर सैनी।

### रामेश्वर सैनी ने स्वास्थ्य मंत्री का किया स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** लोकनायक जयप्रकाश नागरिक हस्पताल में औचक निरीक्षण के लिए पहुंची स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का इंसाफ मंच के जिला महासचिव एवं सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बुके भेंट कर स्वागत किया। स्वास्थ्य मंत्री ने रामेश्वर सैनी को अपनी पूरी टीम के साथ चंडीगढ़ आने का न्यौता दिया। रामेश्वर सैनी ने कहा कि आरती राव एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह हमेशा अपने कार्यकर्ताओं से बड़ी ही आतमित्यता से मिलते हैं और अपने कार्यकर्ताओं के सुख दुख में शामिल होते है। आरती राव एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से जनता के हित में लगातार लगे हुए है।

### डॉ. कुलदीप सिंह भारतीय भाषा सम्मान 2025 से होंगे सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय भाषा सम्मान दिवस (14 सितंबर 2025) की पूर्व संध्या पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में 13 सितंबर 2025 को प्रतिष्ठित बहुभाषी न्यूज एजेंसी ह्यहिंदुस्थान समाचार के द्वारा सभी भाषाई राज्यों के 22 भारतीय भाषाई विद्वानों को भारतीय भाषा सम्मान 2025 से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के पंजाबी विभाग के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह को पंजाबी भाषा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए जम्मू कश्मीर के माननीय उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, अरविन्द भालचंद्र मार्डीकर एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में भारतीय भाषा सम्मान 2025 से सम्मानित किया जाएगा।

## जुगाड़ू मोटरसाइकिल रेहड़ी बंद करने के विरोध में मंडी गेट पर सड़क जाम

# जुगाड़ू रिक्शा चलाने की मांग पर महिलाओं ने जाम लगाया

- **जीविका पर असर :** धान के कबाड़ से धान निकालकर परिवार का पालन-पोषण करने वाली महिलाएं हुई परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लाडवा



लाडवा। सड़क जाम करती महिलाएं व महिलाओं को समझाते थानाध्यक्ष।

लाडवा अनाज मंडी में काम करने वाली सैंकड़ों महिलाएं शुक्रवार को अचानक सडक पर उतर गई और देखते ही देखते मंडी गेट पर लाडवा-रादौर मार्ग जाम कर दिया। महिलाओं द्वारा सडक जाम करने से सडकें दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइनें लग गई। डायल 112 मौके पर पहुंच गई और जाम खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन महिलाएं टस से मस नहीं हुई। महिलाओं का आरोप है कि साल में एक बार धान का सीजन आता है और इस धान के सीजन में वह धान से निकलने वाले कबाड़ में से धान निकालकर अपना व अपने परिवार का पालन-पौषण करते है। विरोध कर रही महिला सुमित्रा, कृष्णा, आशा, मीना, महिंद्रो, रेखा, ममता, रीना, शकुंतला, मंजू, लाजो, सीता, संतरों, जोगिंद्रो आदि ने बताया कि प्रशासन द्वारा जुगाड़ू रेहड़ी वाली मोटरसाइकिल बंद कर दी गई है। इनके बंद होने से सबसे ज्यादा नुकसान हमें उठाना पड़ रहा है। क्योंकि इस समय मंडी में धान का सीजन शुरू हो चुका है।

### पुलिस के समझाने पर जाम खुला

धान से निकलने वाले कबाड़ को वह मंडी से इन जुगाड़ू रेहड़ियों में उठाकर मंडी से बाहर खाली स्थान पर ले जाते है और कबाड़ को साफ करके धान निकालकर अपना व अपने परिवार का पालन-पौषण करते है। प्रशासन द्वारा इन मोटरसाइकिल रेहड़ी को बंद करने से वह अब मंडी से कबाड़ नहीं उठा रहे, जिसके कारण वह कबाड़ मंडी से बाहर नहीं ले जा सकते और मंडी में कबाड़ को उड़ाने नहीं देते ऐसे में वह कहा जाएं। कोई समाधान न निकलने के कारण उनको मजबूरन सडकों पर उतरना पड़ा। करीब 10 से 15 मिनट लगे जाम के बाद प्रशासन हरकत में आया और लाडवा थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जाम लगा रही महिलाओं को जाम खोलने की अपील की। थानाध्यक्ष के समझाने के बाद महिलाओं ने जाम खोल दिया। थानाध्यक्ष ने भी महिलाओं को आश्वासन दिया की उनकी समस्या को प्रमुखता से दूर करवाया जाएगा। किसी को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** आर्थिक अपराध शाखा ने धोखाधड़ी के मामले में आरोपी सागर, धर्मबीर व आरोपी संजीव कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी धर्मवीर व सागर को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया व आरोपी संजीव कुमार को 3 दिन के रिमांड पर लिया गया है। थाना सदर अम्बाला, थाना महेशनगर व थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज मामलों आर्मी ग्रुप इंश्योरेंस फंड, हरियाणा पुलिस की वर्दी डालकर नकली सीआईडी सब इंस्पेक्टर बन कर स्टोन क्रेशर दिलवाने व हैप्पी बड्र्स में पैसे निवेश करवाने तथा धोखाधड़ी के कई अन्य मामलों में उपरोक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### चोरी के मामले में दो गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी अरूण कुमार व शुभम को गिरफ्तार किया है। सीआईए-नारायणगढ़ के उप निरीक्षक रवि कुमार ने बताया कि परिवादी सतपाल ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 11/12 अगस्त 2025 की रात्रि गांव झाडू माजरा से आरोपी ने उसके व अन्य के खोखा से सिलेंडर, भट्टी, पतीले, इलेक्ट्रोनिक कांटा व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### आयोजित होगी चेस चैंपियनशिप

**अंबाला।** अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में पहली बार अंबाला पुलिस पब्लिक चेस चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ 13 सितंबर को सुबह 9 बजे अंबाला रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन करेंगे। यह प्रतियोगिता दो दिनों तक चलेगी जिसमें लगभग 300 से अधिक बालक-बालिकाएं शतरंज के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इसे तीन वर्गों – अंडर-13, अंडर-17 एवं ओपन कैटेगरी में विभाजित किया गया है।

### करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

**शहजादपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ी बस्सी में ज्ञान दान दिवस कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 10 वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को कैरियर से सम्बंधित जानकारी दी गई है।इस कार्यक्रम मेंकैरियर काउंसलर के रूप मे गांव के गणमान्य व्यक्ति सुरेंद्र राणा और सीएचओ मोनिका ने कैरियर से संबंधित जानकारी दी। बताया कि लक्ष्य निर्धारित कर विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करें।

### प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह ने कहा कि सभी छात्राओं में कोई ना कोई प्रतिभा अवश्य छुपी होती है। इस प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा उसे निखरना इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य है।

### स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

**बराड़ा।** लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में यूजीसी के निर्देशानुसार आज स्वच्छता पखवाड़े का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु सहोता ने अपने आशीर्वचनों से सभी को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

**रोजी रोटी का संकट:** जलभराव से हर कारोबारी त्रस्त, नहीं मिल रहा हल

# ट्रैक्टर पर सवार होकर फैक्ट्री जा रहे हैं मालिक व कर्मचारी

### आठ दिन बाद भी औद्योगिक क्षेत्र में जलभराव का संकट

- हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की मीटिंग में औद्योगिक क्षेत्र सुरक्षित जगह पर शिफ्ट करने की मांग
- साहा में दुकानदारों के सामने जलभराव की वजह से खड़ा हुआ रोजी रोटी का संकट

*फैक्ट्री मालिक व कर्मचारी दो-दो फुट पानी से होकर काम पर पहुंच रहे हैं। उधर औद्योगिक क्षेत्र में पानी निकासी की व्यवस्था न होने से कारोबारी बेहद निराश हैं। पानी खड़ा होने के कारण रोजी रोटी का संकट हो गया है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

आठ दिन बाद भी अंबाला छावनी के औद्योगिक क्षेत्र से जलभराव की समस्या का समाधान नहीं हो पाई। कई फैक्ट्रियों के सामने अभी भी लबालब पानी भरा हुआ है। मालिक व कर्मचारी दो-दो फुट पानी से होकर काम पर पहुंच रहे हैं। उधर औद्योगिक क्षेत्र में पानी निकासी की व्यवस्था न होने से कारोबारी बेहद निराश हैं। इस बार बरसात से हुए भारी नुकसान की वजह से हर कारोबारी त्रस्त है। इन कारोबारियों ने अब औद्योगिक क्षेत्र को यहां से शिफ्ट करने की मांग की है। कारोबारियों का कहना है कि हर साल बरसाती पानी उनके लिए मुसीबत बन रहा है। बेशक ज्यादातर फैक्ट्रियों से पानी निकासी का दावा किया जा रहा है। मगर मुख्य सड़कों पर अभी भी दो-दो फुट पानी जमा है। फैक्ट्री तक पहुंचने के लिए खुद मालिकों के साथ कर्मचारियों को ट्रेक्टरों पर सवार होकर आना पड़ रहा है।



**अंबाला।** इंडस्ट्रियल एरिया की सड़कों पर जमा पानी। फोटो : हरिभूमि

#### औद्योगिक क्षेत्र को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग

औद्योगिक क्षेत्र को शिफ्ट करने की मांग हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एचसीसीआई) की नौवीं कार्यकारिणी बैठक बीते बुधवार को हुई थी। इसमें अंबाला छावनी औद्योगिक क्षेत्र में आई बाढ़ से हुए भारी नुकसान पर चिंता व्यक्त की गई और राहत उपायों पर निर्णय लिया गया। चेयरमैन डॉ. आशावंत गुप्ता के नेतृत्व में प्रस्ताव पारित हुआ कि हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) औद्योगिक क्षेत्र अंबाला छावनी को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करे ताकि भविष्य में बार-बार आने वाली बाढ़ से स्थायी समाधान मिल सके। सचिव अलोक सूद ने सुझाव दिया कि प्रभावित क्षेत्र को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित किया जाए, साथ ही पुराने इंश्योरेंस क्लेम शीघ्र निपटाए जाएं।

#### टांगरी में 40 हजार क्यूसिक पानी ने सात जगहों से घुसा

औद्योगिक क्षेत्र में जलभराव हुए 8 दिन बीत चुके हैं। इन दिनों में यहां से जलभराव निकालना किसी चुनौती से कम नहीं था। एचएसआई आईडीसी की इंजीनियरिंग शाखा के अधिकारियों व कर्मचारियों की 13 सदस्यीय टीम के सदस्यों ने पानी निकासी को लेकर प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। इस बार टांगरी नदी में 40 हजार क्यूसिक से अधिक पानी आने पर पानी सात जगहों से सुरक्षा को तोड़ता हुआ क्षेत्र में घुस गया। पानी ने पहले अस्थाई बांध को पार किया फिर कुछ दीवारों को भी तोड़ दिया। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग से भी पानी क्षेत्र में दाखिल हुआ जबकि पिछली बार ऐसा नहीं था।

#### आठ इंच के पाइप से हुई पानी की निकासी

एचएसआईआईडीसी की इंजीनियरिंग शाखा के अधिकारियों ने बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया में बारिश का पानी निकालने के लिए तीन पंप पहले से ही लगे हुए हैं। मगर अत्यधिक पानी आने पर यह पंप अपने क्षमता के अनुसार काम नहीं कर पा रहे थे। इसके बाद तीन अतिरिक्त पंप लगाई गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी की मदद से लेकर पानी की निकासी कराई गई। मगर फिर भी सफलता नहीं मिल रही थी। अब पानी निकासी के लिए दिल्ली से आठ इंच का पाइप मंगाया गया है। इससे पानी निकासी ने रफ्तार पकड़ी है।

#### दुकानदारों के सामने संकट प्रशासन के प्रति बढ़ा रोष

कस्बे में जलभराव ने दुकानदारों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा कर दिया है। पिछले सप्ताह हुई बारिश और नदियों से आए पानी के कारण साहा में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। अभी तक यहां से पानी निकासी नहीं हो सकी है। ऐसे में दुकानकारों में रोष बढ़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि जलभराव होने से उनकी दुकानों पर ग्राहक ही नहीं आ रहे हैं। क्योंकि ग्राहकों को आने के लिए पानी से गुजरना पड़ेगा। ऐसे में कोई भी ग्राहक अपने कपड़े खराब होने या पानी में गिरने से डर से दुकान पर आ ही नहीं रहा है।

---



**अंबाला।** समारोह में मौजूद महिला श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**श्रीकृष्ण कथा संपन्न**

## कृष्ण-सुदामा की मित्रता की कथा से प्रेरक संदेश

हरिभूमि न्यूज. ⏭ नारायणगढ़

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्रीकृष्ण कथामृत के अंतिम दिन साध्वी सुश्री गौरी भारती ने अपने प्रेरक आध्यात्मिक विचारों से श्रद्धालुओं को कृतार्थ किया। इस दौरान उन्होंने श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता के बारे में बताया कि दोनों बचपन में गुरुकुल में साथ पढ़ते थे। गहरे दोस्त थेलेकिन गुरूकुल के बाद दोनों अलग अलग रास्तों पर चले गए। कृष्ण राजा बन गए जबकि सुदामा गरीब ब्राह्मण के रूप में जीवन व्यतीत करने लगे। पत्नी के बार बार कहने पर वे अपने मित्र श्रीकृष्ण से मदद मांगने द्वारका गएलेकिन महल के द्वारपालों ने उन्हें महल में प्रवेश नहीं करने दिया। जब श्री कृष्ण को पता चला तो वे दौड़े दौड़े चले आए। श्रीकृष्ण अपने मित्र की हालत देखकर भावुक हो जाते है। आंसुओं से सुदामा के पैर धोते हैं। सुदामा हिचकिचाते हुए कृष्ण को उपहार में चावल की एक पोटली लाए जिसे वे शर्म से छिपा रहे थे लेकिन कृष्ण उसे पोटली को प्रसन्नता से खा लेते हैं। उसी पल सुदामा को दो लोकों की संपत्ति मिल जाती है जिसे कृष्ण अपनी कृपा से प्रदान करते हैं। जब सुदामा घर लौटते हैं तो वह अपनी टूटी फूटी कुटिया की जगह एक भव्य महल पाते हैं। तब उन्हें कृष्ण की निस्वार्थ कृपा का पता चलता है। कथा के अंत में साध्वी बहनों द्वारा भावपूर्ण भजनों से श्रद्धालुओं को कृतार्थ किया।

---

**गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

## हरियाणवी व पंजाबी डांस से छात्राओं ने मचाया धमाल

*प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता प्रतिभागी जिला स्तर पर भाग लेंगे*

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंद्रधनुषी रंगों की आभा को बिखेरता कल्चरल फेस्ट का शानदार आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने हरियाणवी व पंजाबी नृत्य के जरिए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी नरोत्तम कुमार के दिशा निर्देशन एवं विद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्गों कक्षा 5 से 8 व 9 में 12 के अंतर्गत पूर्व निर्धारित 4 इवेंट्स में किया गया। संबंधित सभी गतिविधियों में खंड के सभी विद्यालयों से प्रतिभागियों ने बहुत उत्साह में भाग लिया। प्रस्तुतियों की घटा इतनी आकर्षक थी कि निर्णायक मंडल और श्रोतागण सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के अगले क्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता प्रतिभागी जिला स्तर पर भाग लेंगे। निष्पक्ष निर्णय करते हुए निर्णयमंडल ने अपनी भूमिका का निष्ठा से निर्वहन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं की घोषणा करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्हें अगले पायदान पर बडऩे के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी डीईओ अशोक राणा व प्रमोद कुमार और जिला कल्चर फेस्ट नोडल अरविंद सिंह ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में नीलम शर्मा, अनिल चौधरी, पूजा मोहन, प्रदीप सैनी, नीलम, मीना आर्या, पंकज चोहान, करमवीर, सुनील व चेदीश कुमार रहे।





**शाहजादपुर।** रंगारंग कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

---

**राष्ट्रीय स्तर पर आरपीएस की टीम को मिला बेस्ट डिफेंडर का अवार्ड**

## आरपीएस स्कूल ने सीबीएसई नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में जीता ब्रॉन्ज

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई द्वारा आयोजित नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल की फुटबॉल टीम ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित की गई, जहां विदेशों एवं देश से विभिन्न राज्यों व क्लस्टर की श्रेष्ठ टीम भाग लेने पहुंची थी। रोमांचक मुकाबलों के बीच आरपीएस विद्यालय महेंद्रगढ़ की टीम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना के बल पर तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि जिले और प्रदेश का नाम भी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। खिलाड़ियों के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से विद्यालय तथा क्षेत्रवासियों में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई है। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने विजेता टीम और उनके कोच को बधाई दी। इस सफलता से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और अधिक बढ़ेगा तथा अन्य खिलाड़ी भी प्रेरणा लेकर भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। यह उपलब्धि न केवल खेल प्रतिभा का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि आरपीएस विद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



**महेंद्रगढ़।** खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

---

### रामलीला 22 सितंबर से, विभिन्न कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

**शाहबाद।** नगर के श्रीशिव मंदिर रामलीला कमेटी की तरफ से 22 सितंबर पहले नवरात्रि से रामलीला का आयोजन शिव मंदिर ग्राउंड में किया जाएगा जिसमें नगर के कई वर्षों से रामलीला में विभिन्न किरदारों के कलाकार रंगमंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे। रामलीला की रिहर्सल शिव मंदिर के हाल में प्रतिदिन चल रही है जिसका निर्देशन नगर के प्रतिष्ठित भजन गायक रविंद्र मधुर द्वारा किया जा रहा है जहां कलाकारों को अपने अनुभव के अनुसार बेहतर से बेहतर निर्देश दिए जा रहे हैं। श्रीराम का किरदार नगर के प्रतिष्ठित कलाकार अवशीश शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। हनुमान जी का किरदार संजय गोस्वामी निभाएंगे। संजय गोस्वामी ने बताया कि अंजनी पुत्र हनुमान जी का किरदार निभाने से लगभग एक महीना पहले काफी व्रत नियम नियम और संयम की जरूरत होती है तभी भगवान महावीर हनुमान जी का किरदार निभाया जा सकता है। मंदिर सभा के प्रधान जगमोहन मनचंदा और वीरेंद्र मनचंदा ने जानकारी दी है।

---

**राजकीय उच्च विद्यालय में हिंदी दिवस पर आयोजित हुई कई प्रतियोगिताएं**

## 6 खंडों के 126 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के निर्देशानुसार व डाइट प्राचार्य सुधीर कालड़ा के कुशल मार्गदर्शन में जिला स्तरीय हिंदी पखवाड़ा/ दिवस से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन राजकीय उच्च विद्यालय, डेरी फार्म, अंबाला कैंट के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डाइट प्राचार्य अंबाला सुधीर कालड़ा व डाइट प्रवक्ता डॉ. पवन के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। सुधीर कालड़ा ने सभी को हिंदी दिवस की अग्रिम बधाई दी तथा हिंदी भाषा के महत्व से अवगत करवाया। जिला स्तरीय हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिताओं में जिला के सभी 6 खंडों के लगभग 126 विजेता विद्यार्थियों ने भाग लिया। तीन वर्गों- कक्षा 4 से 5, कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से 12 में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे काव्य पाठन, चित्र देखकर कविता लिखना, चित्र देखकर कहानी लिखना, व्याकरण प्रश्नोत्तरी, भाषण, स्वरचित कहानी लेखन, नारा लेखन, निबंध लेखन में भाग लेते हुए विद्यार्थियों ने अपने कला की प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल द्वारा पूर्ण सहयोग और निष्पक्षता से अपना कार्य किया। डीडीओ इंचार्ज अमरीक सिंह ने प्रतिभागियों का अभिनंदन किया तथा डायट प्रवक्ता डॉ साधना ने विजेता विद्यार्थियों के साथ-2 सभी प्रतिभागियों का अपने प्रेरणादायक वक्तव्य से मनोबल भी बढ़ाया।



**अंबाला।** डाइट प्राचार्य सुधीर कालड़ा को सम्मानित करते आयोजक।

---

**गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में हेल्थ अवेयरनेस कैंप**

## मशीनों के जरिए सेहत की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में शुक्रवार को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मोडीवे हेल्थ अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के आईक्यूएसी व यूथ रेड क्रॉस सेल के सहयोग से आयोजित किया गया। कैंप में विद्यार्थियों और स्टाफ को मुफ़्त स्वास्थ्य जांच तथा बॉडी एनालिसिस की सुविधा प्रदान की गई। आधुनिक तकनीक पर आधारित मशीन के माध्यम से प्रतिभागियों को उनके स्वास्थ्य से जुड़ी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस आयोजन का सफल संचालन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देस राज बाजवा के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों डॉ. मलिका भ्याणा, डॉ. उमा शशि, डॉ. रीटा, डॉ. संदीप सैनी तथा डॉ. रवि अग्रवाल ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में प्रेरित किया गया।



---

**हिंदी दिवस पर विशेष** | **पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम**

## हिंदी हमारी आत्मा की भाषा, जो जड़ों से जोड़ती है: डॉ. जोगिंदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में शुक्रवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिन्दी भाषा की महत्ता, उसकी उत्पत्ति, सांस्कृतिक योगदान और वर्तमान समय में उसकी भूमिका को उजागर करना था। इस अवसर पर प्रस्तुत नाटक हिंदी हमारी शान" ने दर्शकों को हिंदी भाषा की गरिमा और महत्ता से परिचित कराया। यह नाटक आकाश शर्मा रंगमंच द्वारा लिखा एवं निर्देशित किया गया। प्रस्तुति में यह संदेश दिया गया कि हिंदी केवल संवाद का साधन नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, साहित्य और इतिहास का जीवंत सेतु है। नाटक में विद्यालय के विद्यार्थी खुशबू, पूनम, आदि, करण, रितिक और आदिति ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर कर दिया।




**अंबाला।** नाटक में हिस्सा लेने वाले छात्र शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका पर्यायवरण प्रेमी एवं नागरिक अस्पतला के चिकित्सक डॉ. जोगिंदर सिंह ने निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी आत्मा की भाषा है, जो हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है। हमें गर्व होना चाहिए कि हमारी मातृभाषा विश्व की प्रमुख भाषाओं में से एक है।

कार्यक्रम का सफल संयोजन हिंदी विभाग के अध्यक्ष स्नातकोत्तर शिक्षक डॉ. रवींद्र कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि ने बताया कि प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। परंतु इस वर्ष 14 सितंबर को अवकाश होने के कारण विद्यालय में यह कार्यक्रम एक दिन पूर्व आयोजित किया गया।

#### कविता पाठ किया

इस अवसर पर प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक अंग्रेजी अभिमन्यु ने हिंदी भाषा के महत्व विषय पर कविता पाठ किया। तत्पश्चात शिक्षित स्नातक शिक्षक हिंदी विनीत आहूजा ने हिंदी भाषा को समृद्ध करने वाले महान साहित्यकारों जैसे मुंशी प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, मैथिलीशरण गुप्त, हरिवंश राय बच्चन, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', तुलसीदास और कबीर को श्रद्धांजलि अर्पित की।विद्यालय के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा तथा उप-प्राचार्य मनीष सेमवाल की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम को विशेष ऊर्जा प्राप्त हुई। प्राचार्य लांबा ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक अस्मिता और आत्मगौरव की पहचान है। विद्यार्थियों को हिंदी को अपनाने, पढ़ने और बोलने में गर्व अनुभव करना चाहिए।